मेगा विधिक सेवा शिविर में 1923 लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

महराजगंज आज। आमजन को न्यायिक सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को जिला उद्योग चौराहा स्थित श्रीबालाजी लॉन में मेगा वृहद विधिक सेवा एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 2900 पात्र व्यक्तियों को चिह्नित किया गया, जबकि 1923 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं और विधिक सहायता सेवाओं से लाभान्वित किया गया।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुमोदन पर आयोजित शिविर का शुभारंभ प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों ने फीता काटकर किया। इसके बाद अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए।शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम, कृषि, अदालत, मध्यस्थता और विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई। साथ ही



पशुपालन, राजस्व, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए। लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता, लोक सरकारी योजनाओं में आवेदन, पंजीकरण और लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई।

तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से इलेक्ट्रिक मिस्त्री की मौत

मिठौरा आज। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के मिठौरा पुलिस चौकी के समीप शुक्रवार रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से साइकिल सवार इलेक्ट्रिक मिस्त्री अमरनाथ (41)

❖ चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

की मौत हो गई। वह परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनकी मौत से पत्नी और चार बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।जानकारी के अनुसार मिठौरा निवासी अमरनाथ पुत्र सुरेन शुक्रवार रात भागाटार की तरफ से साइकिल से घर लौट रहे थे। मिठौरा पुलिस चौकी के पास निचलौल की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें सीएचसी मिठौरा/जगदौर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।अमरनाथ की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। इलेक्ट्रिक मिस्त्री का काम कर वह परिवार का भरण-पोषण करते थे। अब परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।थानाध्यक्ष अनूप कुमार तिवारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा से नेपाल तक शराब तस्करी का खुलासा, दो नेपाली तस्कर गिरफ्तार

ठूठीबारी आज। भारत-नेपाल सीमा पर शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ठूठीबारी पुलिस ने



दो नेपाली तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 28 पेटी अवैध शराब बरामद हुई है। तस्करी में प्रयुक्त मारुति सुजुकी आर्टिगा कार भी जब्त की गई है। बरामद शराब और वाहन की अनुमानित कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एसएसबी रोड के रास्ते शराब की खेप नेपाल ले जाई जा रही है। इसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसमें 28 पेटी अवैध शराब मिली। मौके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी नेपाल के भरतपुर जिले के भोजाड वार्ड नंबर 11 के निवासी बताए गए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शराब की खेप हरियाणा से नेपाल ले जाई जा रही थी। पुलिस ने शराब और कार कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

ई-रिक्शा चालक ने खड़ी कार में पीछे से मारी ठोकर, चालक घायल

सिंदुरिया आज स्थानीय थाना सिंदुरिया क्षेत्र अंतर्गत रविवार को सिंदुरिया महाराजगंज मुख्य मार्ग पर



एक बड़ा हादसा होने से बच गया। मिली जानकारी अनुसार रविवार को दिन में करीब 3 बजे एक ई रिक्शा चालक हेवती से सिंदुरिया होते हुए महाराजगंज जा रहा था।जिसमे तीन सवारी बैठे थे। ई रिक्शा गाड़ी नम्बर यू पी 56 बी टी 3306 का चालक अभी सिंदुरिया चौराहा से आगे बढ़ा तब तक महाराजगंज रोड पर बाई तरफ साइड में खड़ी कार यू पी 56 ए वी 3349 में ठोकर मार दिया।जिससे कार का पिछला शीशा टूट गया और ई रिक्शा गाड़ी सड़क पर पलट गई और ई रिक्शा चालक को गंभीर चोट लग गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी एवं स्थानीय लोगों ने घायल को दवा कराने के लिए अस्पताल भेजवाया।

बेलहिया चौराहे के मुख्य मार्ग पर जलजमाव, राहगीर व स्कूली बच्चे परेशान

रतनपुर (आज)। नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलहिया चौराहे के पास मुख्य मार्ग पर पानी की समुचित निकासी नहीं होने के कारण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जलजमाव से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है क्योंकि सड़क पर जमा पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना बेहद दूभर हो गया है और आए दिन लोग फिसलकर चोटिल भी हो रहे हैं। वहीं इस समस्या को लेकर स्थानीय राहगीर व ग्रामीण रामसमुझ यादव, राजमन विश्वकर्मा, शैलेश कुमार, दीपक, विजय, अखिलेश शर्मा, संतराम भारती, सदरे आलम, बब्लू, मुन्ना और शंकर प्रसाद सहित अन्य लोगों का कहना है कि यहां हल्की बारिश से ही जलजमाव हो जाता है जिससे आवागमन में समस्या होने के साथ-साथ आस-पास के लोगों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का



खतरा भी बढ़ गया है। संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक जलनिकासी या नाली निर्माण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नाराज क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से इस मुख्य मार्ग पर तत्काल पक्की नाली का निर्माण कराने और जलजमाव की समस्या से स्थायी निजात दिलाने की मांग की है।

सड़क सुरक्षा माह पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, 18 वाहन सीज

श्यामदेउरवा।पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में सड़क सुरक्षा माह के तहत श्यामदेउरवा पुलिस ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान लगभग तीन दर्जन वाहनों की चेकिंग की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 18 वाहन को सीज किया गया, जबकि दर्जनों वाहनों का चालान किया गया। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह एक नवंबर से शुरू हो गया है। इसके तहत लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा का पालन, नशे में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और गलत दिशा में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात संकेतों का पालन करने और नाबालिगों को वाहन न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जागरूकता के साथ-साथ नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

उपनिरीक्षक गजेंद्र पाण्डेय को मिली पदोन्नति, बने निरीक्षक

श्यामदेउरवा (आज)। श्यामदेउरवा थाने में तैनात उपनिरीक्षक गजेंद्र पाण्डेय को विभागीय पदोन्नति



मिली है। शासन के आदेश पर उन्हें उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति की सूचना मिलते ही थाने के पुलिस कर्मियों और क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। साथी पुलिसकर्मियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। बताया जा रहा है कि गजेंद्र पाण्डेय अपने सरल स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठ कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। थाने पर तैनाती के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी पदोन्नति पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी हर्ष व्यक्त किया है। पदोन्नति पाकर इनके चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। गजेंद्र कुमार पाण्डेय दो महीने पहले गोंडा जिले से तबादले पर महराजगंज आए थे। जिले में उनकी पहली तैनाती श्यामदेउरवा में हुई। वे मूल रूप से संतकबीरनगर जिले के बखिरा थाना क्षेत्र के बड़गो के रहने वाले हैं।

डिजिटल जनसुनवाई में 62 फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण

महराजगंज आज। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने रविवार को वीडियो



कांफ्रेंसिंग के जरिए डिजिटल जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 62 फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिए। महराजगंज स्थित उनके कैंप कार्यालय पर फरियादियों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। प्रतिनिधि जगदीश मिश्रा ने आवेदन प्राप्त किए, जबकि सानन्दन पटेल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से फरियादियों को केंद्रीय मंत्री से जोड़ा। पंकज चौधरी ने एक-एक कर समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई कराई।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में अनावश्यक देरी न की जाए और स्थानीय स्तर पर समाधान योग्य मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री के अक्सर जिले से बाहर रहने के कारण लोगों की समस्याएं सीधे सुनने के लिए डिजिटल जनसुनवाई शुरू की गई है। इसके तहत प्रत्येक शनिवार सुबह नौ से दस बजे तक जनसुनवाई निर्धारित है। हालांकि, इस सप्ताह व्यस्तता के चलते रविवार को इसका आयोजन किया गया।

नेपाल की जेल में सुरंग खोदकर छः कैदी फरार

महराजगंज आज। नेपाल के डोल्पा जिले की जेल से छह कैदियों के सुरंग खोदकर फरार होने के बाद भारत-नेपाल सीमा

❖ भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ी चौकसी

पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। फरार कैदियों के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश की आशंका को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट किया गया है।जानकारी के अनुसार, कैदियों ने जेल के बैरक से बाहरी दीवार तक करीब 4.63 मीटर लंबी सुरंग खोदकर शुक्रवार रात फरारी की। शनिवार सुबह करीब छह बजे नियमित गिनती के दौरान घटना का पता चला। उस समय जेल में कुल 17 कैदी बंद थे।फरार कैदियों में चार चोरी और जबरन करणी (दुष्कर्म) के मामलों में सजा काट रहे थे, जबकि दो विचाराधीन कैदी थे। घटना के बाद डोल्पा पुलिस ने तलाश अभियान तेज कर दिया है। फरार कैदियों के भारत में प्रवेश की आशंका के मद्देनजर बेलहिया बॉर्डर समेत भारत-नेपाल सीमा पर निगरानी बढ़ाई गई है। सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बरत रही हैं।जेल से इतनी लंबी सुरंग खोदकर कैदियों के फरार होने की घटना ने नेपाल की जेल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल सभी छह कैदियों की तलाश जारी है।

बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम का शुभारम्भ

झुलनीपुर (आज) 22वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,



महराजगंज के कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में %समवाय आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत निकटवर्ती ग्राम पथलहवा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर पंचायत गेडहवा में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर निरीक्षक (सामान्य) अरुण कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में स्थानीय जनजातीय समाज के सम्मानित व्यक्तियों, ग्राम प्रधान दिनेश कुमार शर्मा एवं ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों, संघर्ष एवं योगदान से प्रेरणा लेकर समाज में एकता, सम्मान और सामाजिक समरसता की भावना को प्रोत्साहित किया गया। ह्यकार्यक्रम के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष एवं आदर्शों को स्मरण करते हुए जनजातीय समाज के गौरव, संस्कृति एवं सामाजिक एकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

प्रेमी से शादी की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती, घंटों चला ड्रामा

रतनपुर आज। नौतनवा थाना क्षेत्र के बरवा भोज गांव में रविवार तड़के प्रेमी से शादी की जिद में एक युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। युवती को टावर पर देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटों समझाने-बुझाने के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा। जानकारी के अनुसार, लोधसी ग्राम पंचायत निवासी युवती का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। हाल ही में जेल से छूटने के बाद युवती ने उससे शादी की जिद की। परिजनों ने इनकार करते हुए उसकी शादी कहीं और तय कर दी।इससे आहत युवती रविवार सुबह करीब चार बजे बरवा भोज स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गई। सूचना पर थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस और परिजनों ने लाउडस्पीकर से समझाया। प्रेमी पक्ष और परिजनों की शादी कराने



की सहमति के आश्वासन पर युवती नीचे उतरी।थानाध्यक्ष ने बताया कि युवती को सुरक्षित उतार लिया गया है। मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

यातायात माह नवंबर का शुभारम्भ, एसपी ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

महराजगंज आज। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को यातायात माह नवंबर-2026 का शुभारंभ हुआ। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने पुलिस कार्यालय परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली उद्योग चौराहा, नगर तिराहा, नवीन सब्जी मंडी और हनुमानगढ़ी होते हुए यातायात कार्यालय पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया।एसपी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन स्वयं और दूसरों के जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है।यातायात माह के दौरान स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम, निबंध, चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रमुख



चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी अभियान चलाया जाएगा। हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और नशे में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया जाएगा।दुर्घटना संभावित स्थलों पर निगरानी बढ़ाने के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलेगा। पुलिस ने नाबालिगों को वाहन नहीं देने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

आयुष्मान आरोग्य मेला में मरीजों का उपचार

सिंदुरिया । विकास खण्ड मिठौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिहरपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर एक नम्बर 2026 दिन रविवार को आयुष्मान आरोग्य मेला का आयोजन हुआ।जिसमे सिंदुरिया ,हरिहरपुर ,गोबरही, मुरलीबारी, परसामीर,के ग्रामीणों ने अपना पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य जांच कराया।मेला में कार्यरत डॉक्टर एस एन राम ने बताया कि कुल 20 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया और 8 लोगों का खून पेशाब जांच हुआ।जिनको जांचोपरांत दवाइयां दी गई।जिसका निरीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदौर मिठौरा प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर दयानन्द सिंह ने किया।इस दौरान मेला प्रभारी डॉक्टर एस एन राम,अजीत,अरुण पटेल, जनार्दन ,मनोरमा मणि एवं मरीज उपस्थित रहें।

यातायात नियम तोड़ने पर 670 वाहनों का चालान

महराजगंज आज। अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए महराजगंज पुलिस ने रविवार को जिलेभर में अभियान चलाया। इस

❖ पैदल गश्त कर दुकानदारों, व्यापारियों और आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी

दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 670 वाहनों का चालान किया गया, जबकि शांति भंग की आशंका में 51 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया।पुलिस ने दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, तेज गति और क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। पैदल गश्त के दौरान दुकानदारों, व्यापारियों और आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं। बैंक, एटीएम और ग्राहक सेवा केंद्रों की सुरक्षा जांची गई। अतिक्रमण हटाने में सहयोग की अपील की गई। 34 पुलिस एक्ट के तहत 82 लोगों पर कार्रवाई हुई।कोतवाली पुलिस ने करमहां खास निवासी दुखरान के कब्जे से 22 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। पुलिस ने 20 विवेचनाओं का निस्तारण किया। 31 अक्टूबर से एक नवंबर के बीच कुल 52 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

रावण वध एवं भरत मिलाप के साथ रामलीला का समापन

सिसवा बाजार (आज)। स्थानीय नगर में हिन्दू कल्याण मंच द्वारा आयोजित एव बाल कलाकारों से सुसज्जित रामलीला रावण के पुतला दहन एवं भरत मिलाप के बाद महाभंडारा के साथ सातदिवसीय महोत्सव का समापन हुआ। रविवार को जायसवाल नगर स्थित शिव मंदिर में श्रीराम पूजा अर्चना कर लक्ष्मण और हनुमान के साथ पालकी पर सवार होकर शोभायात्रा के रूप में सिसवा की पांच देवी स्थानों हठी माता, दुर्गा माता,काली माता, शायर माता और भुवरी माई स्थान पर शक्ति की पूजा करने के बाद हनुमान मंदिर के निकट जनता



मैरेज हाल में पहुंचे। जहां राम और रावण का भयंकर युद्ध हुआ और रावण के प्रतीकात्मक पुतले का दहन किया गया। तत्पश्चात माता जानकी और हनुमान सहित राम की सेना श्याम मंदिर पहुंचकर भरत और शत्रुध्न से मिलाप हुआ। कार्यक्रम के अंत में महाभंडारे के साथ सातदिवसीय रामलीला महोत्सव का समापन किया गया। इस दौरान मंच के प्रमोद मद्धेशिया, विकास जायसवाल, रवि यादव, नितेश श्रीवास्तव, दीपक जायसवाल, रविराज जायसवाल, मोहन रौनियार, कृष्णा अग्रवाल, अंकित लाट, सहित तमाम गणमान्य एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सड़क किनारे महिला ने बच्चे को जन्म दिया, नवजात की मौत

श्यामदेउरवा (आज)। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के महदेवा चौराहे पर रविवार को लोगों की भीड़ जुट गई। महदेवा- जिद्दपिपरा मार्ग पर बैठी मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला ने बच्चे को जन्म दिया। डॉक्टरों के मुताबिक नवजात करीब सात माह का था और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर श्यामदेउरवा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आशा कार्यकर्ता की मदद से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल पहुंचाया। जांच के बाद डॉक्टरों ने नवजात को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक महिला की हालत ठीक है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला पिछले करीब एक साल से परतावल से महदेवा और हरपुर के बीच घूमती रहती थी। थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने बताया कि नवजात का शव पीएम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

पांच साल पहले बनी सड़क जर्जर, राहगीर परेशान

आनन्दनगर (आज)। फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा सेमरा महराज से उसरी तक जाने वाली पक्की सड़क की हालत इन दिनों बेहद जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि करीब पांच साल पहले बनी यह सड़क समय से पहले ही बदहाल हो गई है, लेकिन इसकी मरम्मत को लेकर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।क्षतिग्रस्त सड़क पर आवागमन करने वाले राहगीरों को आए दिन परेशानियों का सामना



करना पड़ रहा है। सड़क की खराब स्थिति के कारण दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। वहीं, स्थानीय लोगों को दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के कुछ ही वर्षों बाद इसकी हालत खराब होने लगी थी। धीरे-धीरे सड़क पूरी तरह जर्जर होती चली गई, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का इस ओर ध्यान नहीं गया। लोगों का आरोप है कि सड़क की बदहाली के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि अनजान बने हुए हैं।